卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 211 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦8 मई 2026 ♦मूल्य दो रूपया

# केदारनाथ में श्रद्धालुओं को मिलेगी आधुनिक स्वास्थ्य सुविधा


## सीएम धामी ने पूजा अर्चना कर केदारनाथ धाम में हॉस्पिटल का किया लोकार्पण

रूद्रप्रयाग। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज केदारनाथ धाम में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड हॉस्पिटल का विधिवत लोकार्पण किया। यह अस्पताल स्वामी विवेकानन्द हेल्थ मिशन सोसाइटी द्वारा संचालित किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार केदारनाथ धाम में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर एवं त्वरित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले इस उच्च हिमालयी क्षेत्र में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त अस्पताल का संचालन स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती प्रदान करेगा। यह अस्पताल यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों के लिए भी अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा केदारनाथ धाम यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित बनाए रखने हेतु स्वास्थ्य सेवाओं को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। यात्रा मार्ग पर चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ, स्वास्थ्य जांच केंद्रों, ऑक्सीजन सुविधाओं एवं आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई ( शेष पेज सात पर )



## किशोर फांसी पर लटका मिला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पिछले कई वर्षों से मौसी के घर रह रहे एक किशोर को यहां शिवनगर में माता पिता के घर आने के बाद गुरूवार को संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में फांसी पर लटका पाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने किशोर को फांसी से उतारकर जिला चिकित्सालय भिजवाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ( शेष पेज सात पर )



## खैरना चौकी के सभी पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

नैनीताल। जिले के खैरना चौकी क्षेत्र में एक युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने कड़ी कार्रवाई की है। पुलिसकर्मियों पर दुर्व्यवहार और प्रताड़ना के गंभीर आरोपों के बाद एसएसपी ने खैरना चौकी प्रभारी रमेश पंत सहित सभी पांच पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर लाइन हाजिर कर दिया है। यह कार्रवाई मृतक बालम सिंह बिष्ट की बहन की तहरीर और सुसाइड नोट के आधार पर की गई है। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि मामले की विवेचना निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से हो सके, इसके लिए पूरी चौकी को हटाकर वहां नई तैनाती कर दी गई है। घटना के अनुसार, बीते 28 अप्रैल को बेतालघाट के लोहाली गांव निवासी बालम सिंह बिष्ट ( शेष पेज सात पर )

## दिनदहाड़े युवक पर फायरिंग

नानकमत्ता। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टुकड़ी में पुरानी रंजिश को लेकर दिनदहाड़े एक युवक पर दो राउंड फायरिंग किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पीड़ित युवक ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार 7 मई 2026 को दोपहर करीब दो बजे ग्राम टुकड़ी स्थित पहाड़ी चौराहे पर सुबेग सिंह पुत्र गुरदयाल सिंह खड़ा था। आरोप है कि इसी दौरान ग्राम विचुवा निवासी गिन्दर सिंह पुत्र जसपाल सिंह, अमनदीप सिंह उर्फ घम्मू पुत्र सतपाल सिंह, मंजीत सिंह पुत्र स्वर्ण सिंह तथा बिन्दर सिंह पुत्र चिम्मन सिंह वहां पहुंच गए। आरोपियों ने पहले गाली-गलौज करते हुए सुबेग सिंह के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि इसके बाद गिन्दर सिंह, जो छुट्टी पर घर आया हुआ बताया जा रहा है, ने अपने ( शेष पेज सात पर )

## नामांकन निरस्त करने के मामले ने पकड़ा तूल, धरना

नानकमत्ता। ग्राम प्रधान पद के प्रत्याशी का नामांकन कथित फर्जी अतिक्रमण दिखाकर निरस्त किए जाने के विरोध में ग्रामीणों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। उप तहसील परिसर में आज तीसरे दिन भी ग्रामीणों और समर्थकों का धरना जारी



रहा। कांग्रेस नेता नवतेज पाल सिंह भी धरने को समर्थन देने पहुंचे। धरना स्थल पर लोग रातभर डटे रहे और राजस्व विभाग के अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। धरने का नेतृत्व कर रहे शिकायतकर्ता विजेन्द्र सिंह पुत्र सुखविंदर सिंह ने आरोप लगाया कि पंचायत ( शेष पेज सात पर )

## आक्सीजन सिलेंडर के साथ कांग्रेसियों का प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला चिकित्सालय में प्रसव के बाद आक्सीजन न मिलने से एक महिला की हुई मौत से रोषित कांग्रेस जनों ने आज आक्सीजन सिलेंडर के साथ मेडिकल कालेज में जोरदार प्रदर्शन किया और मेडिकल कालेज की प्राचार्य का घेराव कर अव्यवस्थाओं पर खरी खोटी सुनाई। उनका कहना था कि जिला चिकित्सालय में चिकित्सा व्यवस्थायें पूरी तरह से चरमराई हुई हैं। जिसका खामियाजा यहां उपचार कराने आने वाले मरीजों व उनके तीमारदारों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि मेडिकल कालेज में जीवनदायिनी आक्सीजन के भरे सिलेंडर मौजूद नहीं हैं तो कांग्रेस पार्षद चंदा कर उपलब्ध करा देंगे। उन्होंने कहा कि यहां एक्सरे फिल्म नहीं है, मरीजों को आवश्यक कागजात फोटोस्टेट कराकर दिये जा रहे है, आईसीयू की हालत भगवान भरोसे है, आक्सीजन की पाईप लाईन काम नहीं कर रही है। समय पर लोगों को सही उपचार नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कालेज लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहा है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा यदि यहां की चिकित्सा व्यवस्थाओं को शीघ्र दुरूस्त नहीं किया गया तो आन्दोलन शुरू कर दिया जायेगा। इस दौरान ( शेष पेज सात पर )



# चंपावत मामला : निष्पक्ष खुलासे के बाद भी जारी सियासत

## निष्पक्ष खुलासे के बावजूद विपक्ष द्वारा किए जा रहे धरना-प्रदर्शन और पुतला दहन पर अब उठ रहे सवाल, ईमानदार अधिकारियों का मनोबल तोड़ने का माना जा रहा प्रयास

चंपावत। नाबालिग बालिका से कथित दुष्कर्म मामले में चंपावत पुलिस द्वारा त्वरित, निष्पक्ष और वैज्ञानिक जांच कर कई अहम तथ्यों को सामने लाने के बावजूद विपक्ष द्वारा लगातार कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए जाने को लेकर अब जनमानस में नई बहस छिड़ गई है। जिलेभर में यह चर्चा जोरों पर है कि जब पुलिस ने बिना किसी राजनीतिक दबाव के तत्काल मुकदमा दर्ज किया और बाद में तकनीकी साक्ष्यों, फॉरेंसिक जांच तथा तथ्यों के आधार पर पूरे घटनाक्रम की पारदर्शी ब्रीफिंग भी सार्वजनिक कर दी, तब भी लगातार राजनीति किया जाना कहीं न कहीं ईमानदारी और निष्पक्षता से कार्य कर रहे अधिकारियों का मनोबल तोड़ने जैसा है। इस पूरे मामले में पुलिस एसपी रेखा यादव की कार्यशैली विशेष चर्चा का विषय बनी हुई है। लोगों का कहना है कि जिस संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ उन्होंने पहले पीड़िता पक्ष की शिकायत को प्राथमिकता देते हुए तत्काल मुकदमा दर्ज कराया और फिर बिना किसी दबाव के हर पहलू की गहन जांच कराई,वह पुलिस की निष्पक्ष कार्यप्रणाली का उदाहरण है। दरअसल, 6 मई 2026 को पीड़िता के पिता की तहरीर पर कोतवाली चंपावत में पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप था कि 16 वर्षीय नाबालिग के साथ तीन लोगों ने दुष्कर्म किया। मामला सामने आते ही श्रीमती रेखा यादव ने इसकी गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी चंपावत के पर्यवेक्षण में 10 सदस्यीय एसआईटी टीम गठित कर दी। इतना ही नहीं, उन्होंने स्वयं घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़िता, परिजनों और स्थानीय लोगों से बातचीत कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। पुलिस टीम ने वैज्ञानिक तरीके से घटनास्थल का निरीक्षण किया। आरएफएसएल टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया, सीडब्ल्यूसी के समक्ष काउंसिलिंग कराई गई और न्यायालय में बयान दर्ज कराए गए। यही नहीं, पीड़िता की सुरक्षा और देखरेख के लिए प्रशासन स्तर पर मजिस्ट्रेट तक नियुक्त किया गया। जैसे-जैसे विवेचना आगे बढ़ी, वैसे-वैसे कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आते गए। सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल सीडीआर और तकनीकी साक्ष्यों से पता चला कि पीड़िता विवाह समारोह में अपनी इच्छा से अपने दोस्त के साथ गई थी और घटना वाले दिन विभिन्न स्थानों पर उसका आवागमन भी सत्यापित हुआ। मेडिकल परीक्षण में किसी प्रकार के संघर्ष, चोट या जबरदस्ती के स्पष्ट संकेत नहीं मिले। वहीं कई गवाहों के बयान भी तकनीकी साक्ष्यों से मेल नहीं खा सके। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि नामजद आरोपी घटना के समय ( शेष पेज सात पर )



# मुख्यमंत्री की घोषणा को धरातल पर उतरने की कवायद शुरू

## महापौर ने खेड़ा में अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि का किया स्थलीय निरीक्षण

रूद्रपुर। शहर के खेड़ा क्षेत्र में प्रशासन के कड़े तेवरों के बाद अतिक्रमण मुक्त कराई गई आठ एकड़ बेशकीमती भूमि अब जनसेवा और सामाजिक उत्थान की नई इबारत लिखने जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा को मूर्त रूप देने के लिए महापौर विकास शर्मा ने गुरुवार को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ इस भूमि का व्यापक सर्वे और स्थलीय निरीक्षण किया। नगर निगम और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुँचकर भविष्य की विकास योजनाओं का खाका खींचा, जिसमें पर्यावरण मित्रों के लिए नि:शुल्क आवास और एक इंटर कॉलेज का निर्माण मुख्य रूप से प्रस्तावित है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने भूमि का वर्गीकरण करते हुए विभिन्न परियोजनाओं के लिए स्थानों का चिन्हीकरण भी किया ।विदित हो कि खेड़ा में ईदगाह की आड़ में दशकों से कब्जाई गई इस आठ एकड़ सरकारी भूमि को प्रशासन ने बड़े अभियान के तहत अतिक्रमण मुक्त कराया था। अब इस भूमि का सदुपयोग जनहित में करने की कवायद तेज हो गई है। मुख्यमंत्री ने महापौर विकास शर्मा की मांग पर इस भूमि के एक बड़े हिस्से पर उन पर्यावरण मित्रों को घर देने का वादा किया था, जो दिन-रात शहर की सफाई में जुटे रहते हैं। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए महापौर विकास शर्मा के साथ अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय और नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डेय ने मौके पर एक-एक बिंदु पर बारीकी से चर्चा की। आवासीय परिसर और शैक्षणिक संस्थान के निर्माण के बाद जो भूमि शेष बचेगी, उसका उपयोग भी जनहित की किसी अन्य बड़ी परियोजना के लिए करने का निर्णय लिया गया है।निरीक्षण के दौरान महापौर विकास शर्मा ने कहा कि यह केवल एक भूमि का टुकड़ा नहीं, बल्कि शहर के उन कर्मठ पर्यावरण मित्रों के सपनों के सच होने की जमीन है जिनके पास अपना घर नहीं है। उन्होंने कहा कि रूद्रपुर नगर निगम उत्तराखंड का ऐसा पहला नगर निगम बनने जा रहा है, जो अपने पर्यावरण मित्रों को सम्मानजनक जीवन प्रदान करने के लिए स्वयं आवास बनाकर देगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में सरकार जो कहती है, उसे धरातल पर उतारकर दिखाती है। इस पूरी योजना का विस्तृत प्रस्ताव शासन को भेजा जा रहा है और जल्द ही मुख्यमंत्री स्वयं इस महत्वाकांक्षी परियोजना का शिलान्यास करने रूद्रपुर पहुँचेंगे।महापौर ने बताया कि शिक्षा के प्रसार के लिए यहाँ एक इंटर कॉलेज भी स्थापित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। उन्होंने अतिक्रमणकारियों को कड़े लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि शहर में अब सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वालों के लिए कोई जगह नहीं है। नगर निगम जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलते हुए हर अवैध कब्जे को ध्वस्त करेगा और भू-माफियाओं के खिलाफ जेल भेजने तक की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने जनता से भी आह्वान किया कि वे सजग प्रहरी की भूमिका निभाएं और कहीं भी अवैध निर्माण दिखने पर तत्काल प्रशासन को सूचित करें।इस दौरान अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने प्रशासनिक सख्ती का संकेत देते हुए कहा कि अतिक्रमण मुक्त कराई गई जमीनों की सुरक्षा और उनके जनहितकारी उपयोग के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि सर्वे का काम पूरा हो चुका है और अब जल्द ही इसका विधिवत प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जाएगा। उन्होंने भू-माफियाओं को आगाह करते हुए कहा कि बार-बार चेतावनी के बाद भी यदि कोई सरकारी भूमि कब्जाने का दुस्साहस करेगा, तो अब केवल बुलडोजर ही नहीं चलेगा, बल्कि उनके विरुद्ध एफआईआर भी दर्ज की जाएगी। प्रशासन ने विभिन्न एजेंसियों को सक्रिय कर दिया है और शहर के हर कोने पर पैनी नजर रखी जा रही है ताकि भविष्य में कोई भी सरकारी संपत्ति पर आंख उठाने की हिम्मत न कर सके।





## तीसरी कक्षा का छात्र लापता



काशीपुर। घर से बाहर खेलने गया तीसरी कक्षा का छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। छात्र की मां ने पुलिस को तहरीर देकर उसकी बरामदगी की गुहार लगाई है। मोहल्ला महेशपुरा निवासी शहजादी पत्नी इकबाल हुसैन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका 12 वर्षीय पुत्र मौ. साहिल कक्षा 3 का छात्र है। वह बीती 6 मई की सांय 6 बजे घर से बाहर खेलने गया था जो वापस नहीं लौटा। काफी तलाशने पर भी उसका पता नहीं चला। छात्र की मां ने पुलिस को तहरीर देकर उसकी बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस तहरीर के आधार पर छात्र की तलाश में जुटी है।

# बाजपुर में अल्ट्रासाउंड केंद्रों का औचक निरीक्षण, दो मशीनें सील

बाजपुर (उद संवाददाता)। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के. के. अग्रवाल के निर्देशों के क्रम में पीसी-पीएनडीटी अधिनियम 1994 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अवैध लिंग परीक्षण पर रोक लगाने के उद्देश्य से चिकित्सा टीम द्वारा बाजपुर क्षेत्र अंतर्गत पंजीकृत अल्ट्रासाउंड केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.पी. सिंह के नेतृत्व में किया गया। निरीक्षण दल में जिला समन्वयक पी.सी.पी.एन.डी.टी. प्रदीप मेहर एवं गोपाल आर्य आदि उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान उप जिला चिकित्सालय, बाजपुर, राज डायग्नोस्टिक सेंटर, सपना एक्स-रे एंड अल्ट्रासाउंड सेंटर, दीनदयाल हार्ट केयर सेंटर व एएसबी अल्ट्रासाउंड सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया उप जिला चिकित्सालय बाजपुर में दो अल्ट्रासाउंड मशीनें स्थापित थीं। एक मशीन क्रियाशील पाई गई, जबकि दूसरी मशीन खराब होने के कारण उसे मौके पर ही सील कर दिया गया। एएसबी अल्ट्रासाउंड सेंटर में निरीक्षण के दौरान रेडियोलॉजिस्ट की अनुपस्थिति पाई गई ।रेडियोलॉजिस्ट के बिना अल्ट्रासाउंड संचालन प्रतिबंधित होने के चलते मशीन को सील कर दिया गया।सपना एक्स रे एंड अल्ट्रासाउंड सेंटर में भी वर्तमान में रेडियोलॉजिस्ट उपलब्ध न होने के कारण अल्ट्रासाउंड मशीन को अस्थायी रूप से सील किया गया। निरीक्षण के दौरान जिन केंद्रों की मशीनों को सील किया गया है, उन्हें छोटी-मोटी लिपिकीय त्रुटियों हेतु हिदायत एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया कि जिन केंद्रों में चिकित्सक/ रेडियोलॉजिस्ट के अनुपस्थित होने के कारण मशीन सील की गई है, वहां भविष्य में चिकित्सक द्वारा ज्वाइन करने पर अल्ट्रासाउंड मशीन के संचालन की अनुमति प्रदान की जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के. के. अग्रवाल ने कहा कि जनपद में पीसी पीएनडीटी एक्ट का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित केंद्र के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



## प्रदीप अध्यक्ष, हरिप्रकाश महामंत्री व प्रवीण कोषाध्यक्ष बने

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री खाटू श्याम मंदिर, गल्ला मंडी के ट्रस्टियों द्वारा नई कमेटी का निर्वाचन संपन्न कराया गया। मंदिर परिसर में आयोजित हुई चुनाव प्रक्रिया में श्रद्धालुओं एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। निर्वाचन में अध्यक्ष पद पर प्रदीप अग्रवाल, महामंत्री पद पर हरि प्रकाश अग्रवाल तथा कोषाध्यक्ष पद पर प्रवीण कुमार गोयल को निर्वाचित घोषित किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों माल्यार्पण कर स्वागत किया है तथा सभी ने एक-दूसरे को बधाई देकर शुभकामनाएं दीं। प्रमोद मित्तल ने नवनिर्वाचित कमेटी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि श्री खाटू श्याम मंदिर आस्था और श्रद्धा का प्रमुख केंद्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन हेतु आते हैं। नई कमेटी निश्चित रूप से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करेगी तथा मंदिर की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाएगी। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया कि वे मंदिर की गरिमा, परंपराओं और व्यवस्थाओं को बनाए रखते हुए श्रद्धालुओं की सेवा में सदैव तत्पर रहेंगे।



## रुद्रपुर में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का किया शुभारंभ

रूद्रपुर। जनपद में बच्चों को कुपोषण मुक्त और स्वस्थ बनाने के उद्देश्य से गुरूवार को 'राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस' का भव्य शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी द्वारा 'राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय, गांधी कॉलोनी में स्कूली बच्चों को कृमि नाशक एल्बेंडाजोल की दवा खिलाकर अभियान का विधिवत उद्घाटन किया गया।इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों,उपस्थित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए पेट के कीड़ों से मुक्ति आवश्यक है। कृमि संक्रमण से न केवल बच्चों में खून की कमी (एनीमिया) होती है, बल्कि उनकी सीखने की क्षमता पर भी बुरा असर पड़ता है। उन्होने कहा कि स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग के समन्वय से जनपद के शत-प्रतिशत बच्चों को यह दवा खिलाई जाएगी। अभियान के अंतर्गत जनपद के समस्त सरकारी, निजी विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से 1 से 19 वर्ष तक के 603960 बच्चों को यह दवा खिलाई जाएगी। उन्होने आश्वस्त किया कि यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है और स्वास्थ्य कर्मियों की देखरेख में दी जा रही है। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों को भोजन से पहले हाथ धोने और खुले में शौच न करने जैसी स्वस्थ आदतों को अपनाने की शपथ भी दिलाई।मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 केके अग्रवाल ने बताया कि जो बच्चे आज किसी कारणवश दवा नहीं खा पाए हैं, उन्हें आगामी 14 मई (मॉप-अप डे) पर दवा खिलाई जाएगी। इस अवसर पर मुख्य शिक्षा अधिकारी श्री हरेंद्र मिश्रा, खंड शिक्षा अधिकारी सावेद आलम, डीपीएम हिमांशु मुस्यूनी, आरबीएस टीम से कार्यक्रम प्रबंधक जावेद पूरन, आमिर, पंकज गुसाईं, विद्यालय की प्रधानाचार्य एवं छात्राएं आदि उपस्थित थे।




# कार्यालय नगर पालिका परिषद
## गदरपुर ( ऊधमसिंह नगर )

### अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद गदरपुर में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग / निकाय निधि के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली धनराशि से आगामी वर्षा ऋतु के दृष्टिगत बाढ़ से बचाव हेतु निम्नानुसार मशीनरी एवं मानव श्रम से सफाई कार्य कराया जाना है। जिस हेतु दिनांक 15.05.2026 को अपरान्ह 01:00 बजे तक सीलबन्द निविदाएं आमांत्रित की जाती है, जो उसी दिन को अपराहन 3:00 बजे उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष शासन द्वारा गठित कमेटी द्वारा खोली जायेगी, निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क अदा कर दिनांक 14.05.2026 तक कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क जमा कर क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर मय रसीदी टिकट हस्ताक्षर युक्त एवं धरोहर धनराशि की एफ०डी०आर०/एन०एस०सी०/पोस्ट आफिस सावधि के रूप में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गदरपुर के पद नाम से बन्धक हो, निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। किसी भी एक अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत / निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अध्यक्ष महोदय नगर पालिका परिषद गदरपुर को निहित होगा ।अन्य जानकारी एवं निर्धारित शर्तें किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी व प्राप्त की जा सकती है। उक्त निर्धारित तिथियों में अवकाश होने की स्थिति में आगामी कार्यदिवस की तिथि मान्य होगी। जिसका विवरण निम्नवत है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनु०लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि | नि०प्रा० मूल्य + G.S.T. | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | नगर पालिका परिषद गदरपुर के अन्तर्गत ठण्डी नदी, आवास विकास नहर व रामजीवनपुर नहर का सफाई कार्य। | 9.22 | 27660 | 1000 +G.S.T. | 01 माह |

नोट – शेष धरोहर राशि 7% की एफ.डी.आर./ एन.एस.सी./ पोस्ट ऑफिस सावधि अनुबंध के समय जमा करनी अनिवार्य होगी।

**( कैलाश सिंह पटवाल )**
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
गदरपुर,ऊधम सिंह नगर

**( मनोज कुमार )**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
गदरपुर,ऊधम सिंह नगर

पत्रांक 75/निविदा सूचना/2026-27 दिनाँक 06/05/2026

# चम्पावत में कथित दुष्कर्म मामला निकला षड्यंत्र

## पुलिस जांच में कई अहम खुलासेः नाबालिग को बहला-फुसलाकर कमल रावत ने रची थी साजिश,साक्ष्यों की जांच जारी




चम्पावत(उद संवाददाता)। जनपद चम्पावत में नाबालिग के साथ कथित दुष्कर्म के मामले में पुलिस जांच के दौरान कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में मामला सुनियोजित षड्यंत्र प्रतीत हो रहा है। डीएम की अध्यक्षता में पर्दाफाश करते हुए एसपी रेखा यादव ने कहा कि कमल रावत ने पुरानी रंजिश के चलते अपनी महिला मित्र सहित अन्य साथियों संग षणयंत्र रचा और पीड़िता को उसके पिता का उपचार का प्रलोभन देकर इस घटना को अंजाम दिया। आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है और पूछताछ चल रही है। पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने बताया कि 6 मई 2026 को एक व्यक्ति द्वारा कोतवाली चम्पावत में लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया गया था कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री के साथ 5 मई की रात तीन लोगों ने दुष्कर्म किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर 10 सदस्यीय एसआईटी का गठन किया गया।एसपी ने स्वयं पीड़िता से बातचीत की तथा घटनास्थल का निरीक्षण कर स्थानीय लोगों से जानकारी जुटाई। पुलिस टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए और आरएफएसएल उधम सिंह नगर की फील्ड यूनिट से वैज्ञानिक परीक्षण कराया। वहीं पीड़िता का मेडिकल परीक्षण, सीडब्ल्यूसी के समक्ष काउंसिलिंग और न्यायालय में बयान भी दर्ज कराए गए।जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि पीड़िता ग्राम सल्ली में आयोजित विवाह समारोह में अपनी इच्छा से अपने दोस्त के साथ गई थी। सीसीटीवी फुटेज और सीडीआर के आधार पर उसकी गतिविधियों और आवागमन की पुष्टि हुई है।पुलिस के अनुसार मेडिकल परीक्षण में किसी प्रकार की बाहरी या आंतरिक चोट, संघर्ष अथवा जबरदस्ती के स्पष्ट संकेत नहीं मिले। साथ ही कुछ गवाहों के बयान तकनीकी और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों से मेल नहीं खाए।जांच में यह भी सामने आया कि घटना की तिथि पर कमल रावत, पीड़िता और उसकी महिला मित्र के बीच असामान्य रूप से बार-बार बातचीत हुई थी, जिसे पुलिस महत्वपूर्ण मान रही है। वहीं नामजद आरोपियों विनोद सिंह रावत, नवीन सिंह रावत और पुरन सिंह रावत की घटनास्थल पर मौजूदगी तकनीकी साक्ष्यों से प्रमाणित नहीं हुई।पुलिस का दावा है कि कमल रावत ने बदले की भावना से प्रेरित होकर नाबालिग को बहला-फुसलाकर पूरा घटनाक्रम रचा। फिलहाल डिजिटल और फॉरेंसिक साक्ष्यों की विस्तृत जांच जारी है तथा संबंधित लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि महिला एवं बाल अपराधों के प्रति "जीरो टॉलरेंस" नीति अपनाई जाती है। साथ ही झूठी एवं भ्रामक शिकायतों को भी गंभीरता से लेते हुए कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## रेप के केस में जेल जा चुका है कमल, रंजिश में रचा षडयंत्र!

चंपावत। गैगरेप की घटना को लेकर चंपावत पुलिस के खुलासे को लेकर तरह तरह की चर्चाए तेज हो गई है। सोशल मीडिया पर जहां घटना के खुलासे पर पुलिस की तत्परता के लिए एक वर्ग द्वारा खुली प्रशंशा की जा रही है तो वहीं कुछ लोग पुलिस पर मनगढ़ंत होने का आरोप लगा रहे है। पीड़िता का कमरे में हाथ पैर बांधे हुए एक वीडियो भी वायरल हो रहा है जो कई सवालों को संदेह के घेरे में ले रहे है। हांलाकि पुलिस द्वारा बताया जा रहा है कि विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि पीड़िता ग्राम सल्ली में विवाह समारोह में अपनी इच्छा से अपने दोस्त के साथ गई थी। घटना दिवस पर पीड़िता का विभिन्न स्थानों पर आवागमन एवं गतिविधियां सीसीटीवी फुटेज व सीडीआर से सत्यापित हुई हैं। साथ ही चिकित्सीय परीक्षण में किसी प्रकार की बाह्य अथवा आंतरिक बोट, संघर्ष अथवा जबरदस्ती के स्पष्ट चिकित्सीय संकेत प्राप्त नहीं हुए। बताया कि कमल ने अपनी महिला मित्र संग हाईकोर्ट से छूटने के बाद ही षणयंत्र रचना शुरू कर दिया था। उसने पीड़िता को उसके पिता का उपचार एम्स में कराने का प्रलोभन दिया और इस षणयंत्र में शामिल कर लिया। घटना स्थल नवीन रावत का है, जहां दो में से एक कमरा खुला था। मेहंदी समारोह में शामिल होने के बाद उसने विनोद को फोन कर बुलाया। उसके न आने पर पीड़िता और उसके साथियों ने नवीन के खुले हुए कमरे में दुष्कर्म जैसा माहौल बनाया और वीडियो बनाई। इसका खुलासा पीड़िता ने अपने बयान में दिया है। कोर्ट के समक्ष भी उसने कमल के साथ मिलकर षणयंत्र में शामिल होना बताया है।पुलिस ने कमल और उसकी महिला मित्र सहित पीड़िता के मोबाइल नंबरों का सीडीआर निकल वाया। जिसमें पीड़िता के टाप कालर में कमल रावत का नंबर निकला है। पुलिस के अनुसार कमल रावत पूर्व में इसी प्रकार के प्रकरण मेंजेल में था। कुछ माह पूर्व हाई कोर्ट से पीड़िता के बयान पर राहत मिली थी। तभी से वह विपक्ष के परिवार से रंजिश रखता था।

# दुष्कर्म की कथित घटना को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

रुद्रपुर। चम्पावत में नाबालिग के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म की कथित घटना को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष ममता रानी और पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में शिवनगर स्थित चामुंडा मंदिर के पास कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि पहले अंकिता भंडारी हत्याकांड और अब चम्पावत की शर्मनाक घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों मामलों में भाजपा से जुड़े लोगों के नाम सामने आने के बावजूद सरकार निष्पक्ष कार्रवाई करने से बच रही है।राजकुमार ठुकराल ने कहा कि प्रदेश तरह चरमरा चुकी है और महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा कि लगातार सामने आ रही घटनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि सरकार अपराधों पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हुई है।महानगर कांग्रेस अध्यक्ष ममता रानी ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता का रस्तोगी, असित बाला, चोखेलाल गंगवार, विक्की सोनकर, राकेश अधिकारी, अनुज दीक्षित, चमन सागर, नरेश सागर, सुदर्शन प्रजापति, सोनू सक्सेना, ललित सक्सेना, आदेश गंगवार, डॉ. खेमानंद रस्तोगी, बबलू रस्तोगी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। **हल्द्वानी।** उत्तराखंड युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा आंदोलनरत रहेगी।इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू, प्रदेश महासचिव दिग्विजय सिंह चौहान, प्रदेश महासचिव स्वाति जोशी, प्रदेश महासचिव भानु कावड़वाल, प्रदेश महासचिव प्रीति आर्य, जिला महासचिव मनदीप गुजराल, जिला महासचिव अमन कुरैशी, ब्लॉक अध्यक्ष उमेश जोशी, कमल बोरा, मेहुल शाह, प्रदेश में महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में पुलिस और प्रशासन को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कानून व्यवस्था को मजबूत करने और दोषियों के खिलाफ








जोरदार प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए महिला सुरक्षा को लेकर सरकार को कठघरे में खड़ा किया।प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि भाजपा सरकार महिला सम्मान और सुरक्षा के नाम पर केवल बड़े-बड़े दावे करती है, जबकि जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत की महिलाएं अब भाजपा सरकार की नीतियों और कार्यशैली को समझ चुकी हैं तथा महिला विरोधी घटनाओं को लेकर समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि सत्ता के अहंकार में डूबी भाजपा सरकार जनता की भावनाओं को नजरअंदाज कर रही है, लेकिन आने वाले समय में जनता इसका करारा जवाब देगी।कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी माहौल है। उन्होंने कहा कि सरकार को केवल बयानबाजी करने के बजाय कठोर कार्रवाई कर अपराधियों को सख्त सजा दिलानी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। प्रदर्शन और पुतला दहन कार्यक्रम में परिमल राय, योगेश चौहान, संजीव गुप्ता, विकास बंसल, संजय ठुकराल, सतीश कुमार, सुशील मंडल, शुभम दास, प्रीति साना, उमा सरकार, मोहन भारद्वाज, अशोक जिला अध्यक्ष सुमित कुमार के नेतृत्व में बुध पार्क स्थित तिकोनिया चौराहा पर चम्पावत में नाबालिक के साथ हुए दुष्कर्म के विरोध में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। इस दौरान जिलाअध्यक्ष सुमित कुमार ने कहा कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी अंकिता भंडारी जैसे कई मामले प्रदेश में हो चुके हैं। जब तक प्रदेश की महिलाओं को न्याय नहीं मिलेगा उत्तराखंड युवा कांग्रेस निरंतर अक्षत पाठक, मयंक गोस्वामी सहित कई युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। **खटीमा।** चंपावत में नाबालिग के साथ हुए तथाकथित दुष्कर्म मामले को लेकर बृहस्पतिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खटीमा चौराहे पर प्रदर्शन कर कानून व्यवस्था के खिलाफ पुतला फूंका। कार्यकर्ताओं ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और कड़ी सजा देने की मांग की।कांग्रेस नेताओं ने कहा कि निष्पक्ष कार्रवाई की मांग उठाई। प्रदर्शन में उमेश सिंह राठौर, रेखा सोनकर, नीरज कन्याल, नरेंद्र आर्य, विनोद चंद, सतपाल राणा, नासिर खान, जरीफ, ताहिर, गुलफराज, इमरान खान, मनोज कोहली, मोहम्मद नाजिम सिद्दीकी, आदेश सिंह, शैलेन्द्र गहलोत, सर्वेश सिंह, राहुल गहलोत, हिमांशु नवदरिया, गज्जे सिंह और मो. इश्तियार सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# त्रिशूल चौक से आवास विकास तक सड़क चौड़ीकरण कार्यों में तेजी लायें : डीएम

रुद्रपुर। कलेक्ट्रेट स्थित सभागार मे जिला अधिकारी की अध्यक्षता मे आयोजित मुख्यमंत्री घोषणा की समीक्षा बैठक जिसमे विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।बैठक मे मुख्य रूप से विधायक शिव अरोरा ने कहा उनके 2023 के प्रस्ताव पर स्वीकृत त्रिशूल चौक से अटरिया चौक तक 8 लेन सड़क चौड़ीकरण सौंदर्यकरण जिसके लिये 32 करोड़ की धनराशि जारी हो चुकी है मगर जिस समय अवधि के अन्तर्गत व तेज गति के अनुसार कार्य होना चाहिए था उसकी कार्य प्रगति बहुत धीमी नजर आ रही है विधायक शिव अरोरा ने त्रिशूल चौक से डीडी चौक तक चल रहा है निर्माण कार्य की प्रगति पर सख्त नाराजगी व्यक्त की,तो वहीं डीडी चौक से अटरिया मोड़ मेडिकल कॉलेज तक यूटिलिटी शिफ्टिंग को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए, विधायक शिव अरोड़ा की नाराजगी को देखते हुए जिलाधिकारी नितिन भदोरिया ने कहा कि जिस भी विभाग की इस कार्य मे लापरवाही नजर आएगी उसे खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी वहीं अक्टूबर 2026 तक अटरिया मोड तक चौड़ीकरण कार्य को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया।विधायक बोले समय अवधि मे त्रिशूल चौक अटरिया मोड़ तक चौड़ीकरण कार्य पूर्ण किया जाये जिससे जनता को जाम से निजाद मिल सके।विधायक शिव अरोरा के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री घोषणा मे शामिल मोदी मैदान मे खेल मैदान के प्रथम चरण के जारी 26.62 करोड़ के टेंडर को जल्द से जल्द लगाने की बात कही। जिसमे जिला प्राधिकरण ने बताया अगले 15 दिन मे टेंडर प्रकिया मे आ जायेगा।




वही विधायक ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मंशा के अनुरूप बच्चौं के खेलने हेतु भव्य सुन्दर खेल स्टेडियम बन सके और रुद्रपुर के लोग उसका उपयोग कर सके। मोदी मैदान में खेल स्टेडियम रुद्रपुर में खेल के क्षेत्र में बहुत बड़े परिवर्तन लेकर आएगा इसका उपयोग रुद्रपुर की जनता में आसपास के लोग कर सके।वही काशीपुर बाईपास जिसके पहले चरण हेतु विधायक शिव अरोरा द्वारा यूटिलिटी शिफ्टिंग हेतु धनराशि जारी कर दी गई थी उसके कार्य प्रगति की जब समीक्षा हुई तो उसमें बताया गया कि अगले 4 से 5 दिन के भीतर जल संस्थान अपने पानी की लाइनों को शिफ्टिंग करने का कार्य आरंभ करेगा वही इससे पूर्व विद्युत विभाग द्वारा पोल लगाने का कार्य पहले आरंभ कर दिया गया था। किच्छा बायपास रोड पुराने ट्रेजरी कार्यालय में प्रस्तावित बंग भवन हेतु जमीन हस्तांतरण की प्रक्रिया को भी जल्द से जल्द शासन को भेजना कार्य किया जा रहा है इसके बाद बंग भवन का निर्माण कार्य आरंभ कराया जाएगा।वही बैठक मे हरि चान गुरु चान स्मृति छात्रवृति कोष जिसको 2 करोड़ से 10 करोड़ बढ़ाकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा किया गया था विधायक बोले बंगाली समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा हेतु उसे छात्रवृति का लाभ मिले इसको लेकर जल्द से जल्द प्रक्रिया आराम भी कराई जाए ताकि अधिक से अधिक छात्र छात्राएं उसके लिए लाभान्वित हो सके। इस दौरान जिला अधिकारी नितिन भदौरिया,मेयर विकास शर्मा, एडीएम पंकज उपाध्याय, जिला विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष जय किशन, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी,एसडीएम मनीष बिष्ट,एनएच पीडी अचल जिंदल, परियोजना अधिकारी हिमांशु जोशी, नफील अहमद व जल संस्थान, पीडब्ल्यूडी विभाग विद्युत विभाग व अन्य लोग मौजूद रहें।


भारत सरकार
सोमनाथ
सोमलिङ्गं नरो दृष्ट्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते।
लभते फलं मनोवाञ्छितं मृतः स्वर्गं समाश्रयेत्॥
सोमनाथ
विरासत के 75 साल
सोमनाथ भारत की अजेय सभ्यता का प्रतीक है।
1000 वर्षों के विनाशकारी प्रहारों के बाद भी, सोमनाथ आज हमारे आत्म-सम्मान और साहस की मिसाल बनकर खड़ा है।
75 वर्ष पहले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के संकल्प से आधुनिक सोमनाथ का मार्ग प्रशस्त हुआ।
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, आज यह पावन भूमि भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान का उद्घोष कर रही है।
इस स्वर्णिम अवसर के साक्षी बनें
मुख्य गतिविधियां
कलश यात्रा | भजन संध्या | ॐकार मंत्र का जाप | सोमनाथ पुस्तिका में मंत्र लेखन
सोमनाथ से जुड़ी कथाओं का वाचन
श्री सोमनाथ मंदिर परिसर, प्रभास पाटन | 8 से 11 मई, 2026
"सोमनाथ आशा का वह गीत है जो हमें सिखाता है कि सृजन की शक्ति विनाश से कहीं अधिक प्रबल होती है।"
सोमनाथ की दिव्यता व भव्यता में दें योगदान और बनें गौरवशाली इतिहास का हिस्सा।
स्कैन करें।
"भारत सरकार द्वारा 8 से 11 मई तक आयोजित किए जा रहे "सोमनाथ अमृत महोत्सव" के वर्षभर चलने वाले उत्सव केवल एक तीर्थ एवं सांस्कृतिक धरोहर की यात्रा का स्मरण नहीं है, बल्कि यह भारत की उस सनातन चेतना का उत्सव है, जिसने हजारों वर्षों के संघर्षों, आक्रमणों और चुनौतियों के बावजूद स्वयं को जीवित रखा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत जिस "विकास भी, विरासत भी" के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहा है, उसने देश में सांस्कृतिक पुनर्जागरण की एक नई चेतना का संचार किया है। यह केवल हमारी आस्था, संस्कृति और विरासत के पुनरोत्थान का अभियान नहीं है, बल्कि भारत की आत्मा को पुनः प्रतिष्ठित करने का राष्ट्रीय संकल्प है।"
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी


SAMSUNG
BOSCH
SONY
JBL
VOLTAS
IFB
DELL
DAIKIN
ONEPLUS
MITSUBISHI ELECTRIC
Whirlpool
AMSTRAD
LLOYD
mi
SANSUI
गुरू माँ
अब मिलेगा
Online
से भी सस्ता
Festival Offer
NO COST EMI
ATTRACTIVE EXCHANGE OFFERS
UPTO 55% OFF
UPTO 25% ADD CASHBACK
HOME APPLIANCES पर पाए ऐसे ऑफर्स, खरीदे बिना रहा ना जाए
Guru Maa Enterprises
RUDRAPUR - 9927882338, Sony Center- 9927396666, KASHIPUR - Ramnagar Road 8791989500, Cheema Chauraha 9927813555,
HALDWANI- Tikonia 9997207007, Pilikothi 9690256666, 8126564216, HARIDWAR - 9761699704, MORADABAD - Civil Lines-7500839146, GEE AAR Elc. 9719077772,
GADARPUR - Gurunanak Enterprises, 9927850999, KICHHA - Deepak Eletronics 7017575920, ALMORA - Gupta Electronics 7895887544,
LALKUAN - New Radhe Radhe 8923493000, PITHORAGHRH - Shiva Enterprises 9760633187, LOHAGHAT - 9568035735, PANIPAT - 8607964000, KARNAL- 8684077000.

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## बंगाल में चुनावी हिंसा

पश्चिम बंगाल में चुनावों के दौरान और उसके बाद हिंसक घटनाओं का एक लंबा इतिहास रहा है। विडंबना यह है कि इस तरह की घटनाओं की निंदा तो सभी दल करते हैं, लेकिन उसे रोकने के लिए कुछ भी ऐसा नहीं किया जाता, ताकि हिंसा के हालात बनें ही नहीं।गौरतलब है कि राज्य में इस बार विधानसभा के लिए हुए चुनावों के दौरान कोई बड़ी हिंसक घटना सामने नहीं आई, लेकिन नतीजे आने के बाद जैसी खबरें आ रही हैं, उससे साफ है कि हिंसा का सहारा लेने वाले असामाजिक तत्त्वों को रोकने के मद्देनजर एहतियातन कुछ भी नहीं किया गया। नतीजतन, बुधवार को राज्य में भाजपा के कद्दावर नेता शुभेंदु अधिकारी के सहायक सहित पांच लोगों की हत्या की खबर आई। इसके अलावा, कई लोग घायल भी हुए।पहले से ही वहां इस बात की आशंका लगातार बनी हुई थी कि चुनाव प्रचार के दौरान आक्रामक खींचतान का असर नतीजों के बाद टकराव के तौर पर सामने आ सकता है। मगर ऐसी स्थितियों से निपटने में प्रशासनिक विफलता का ही यह नतीजा है कि राज्य में कई जगहों पर हिंसा और अराजकता के हालात पैदा हुए।सवाल है कि आखिर किन वजहों से राज्य प्रशासन इस बात का आकलन करने में नाकाम रहा कि चुनावी नतीजों के बाद मुख्य राजनीतिक पक्षों के बीच का तनाव हिंसा में भी फूट सकता है। चुनाव के दौरान बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की वजह से शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संभव हो सका, तो क्या ऐसा बाद में भी नहीं हो सकता था? राज्य के चुनावों में एक समय ऐसे तनाव और टकराव के पक्ष अलग थे, लेकिन वहां की सियासी तस्वीर में समय के साथ हुए बदलाव के बाद अब वहां के दो प्रतिद्वंद्वी दल मुख्य रूप से तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी हैं। करीब पंद्रह वर्ष बाद वहां तृणमूल कांग्रेस के सत्ता से बाहर होने के बाद राज्य में कई जगहों पर सुरक्षा बलों की उपस्थिति के बावजूद हिंसक झड़प और तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आईं। प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों के कार्यालयों में तोड़फोड़, आगजनी और उनके समर्थकों तथा कार्यकर्ताओं के घरों तक पर हमले की खबरें यह बताती हैं कि राजनीतिक दलों के बीच अपने विरोधियों के प्रति लोकतांत्रिक उदारता दिखाने की औपचारिकता भी खत्म होती जा रही है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि हिंसक घटनाओं के दो सौ से ज्यादा प्राथमिकी दर्ज की गईं और करीब साढ़े चार सौ लोगों को गिरफ्तार किया गया। मगर जो काम पुलिस और प्रशासन ने स्थिति बेलगाम हो जाने के बाद किया, अगर पहले ऐसे कदम उठाए जाते, तो शायद कई जगहों पर हिंसा को रोका जा सकता था। यह समझना मुश्किल है कि जो लोग नाहक या फिर प्रतिक्रिया के तौर पर हिंसक गतिविधियों का सहारा लेते हैं, वे आखिर क्या हासिल करना चाहते हैं। फिर आक्रामकता और अराजकता का सहारा लेकर ऐसे लोग क्या साबित करना चाहते हैं?

# दुष्कर्म के विरोध में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

काशीपुर। चंपावत में नाबालिग के साथ तथाकथित दुष्कर्म के विरोध में युवा कांग्रेस ने काशीपुर में जोरदार प्रदर्शन किया। महाराणा प्रताप चौक पर आयोजित प्रदर्शन में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया और दोषियों को फांसी देने की मांग





उठाई। प्रदेश अध्यक्ष विशाल सिंह भोजाक के निर्देशानुसार आयोजित इस प्रदर्शन का नेतृत्व युवा कांग्रेस काशीपुर के जिला अध्यक्ष सारिम सैफी ने किया। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे और उन्होंने प्रदेश सरकार पर कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए। जिला अध्यक्ष सारिम सैफी ने कहा कि सरकार अपराधियों पर लगाम लगाने के बजाय उन्हें संरक्षण देने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस ऐसे मुद्दों पर चुप बैठने वाली नहीं है और जब तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिलता, आंदोलन जारी रहेगा। सारिम सैफी ने मांग की कि पूरे मामले की त्वरित सुनवाई कर दोषियों को फांसी की सजा दी जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेटियां सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं और सरकार संवेदनहीन बनी हुई है। प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस मामले में शामिल हर संदिग्ध व्यक्ति के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। इस अवसर पर, महानगर अध्यक्ष अलका पाल, पूर्व महानगर अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन,राजू छीना , मोहम्मद आरिफ सैफी,इन्दुमान, हैदर अली, मंसूर अली, मोहम्मद हनीफ गुड्डू, लवदीप सिंह, अनीस अंसारी, तौकीर अंसारी, वसीम रजा, शाह आलम, रांझना गुप्ता,साहिल रजा,ललित मोहन,रियासत सैफी,फैजान अंसारी,सहित युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता भी मौजूद



रहे। **नानकमत्ता।** चंपावत में नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म के मामले को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने मुख्य चौराहे पर एकत्र होकर प्रदेश सरकार का पुतला फूंका और घटना को लेकर आक्रोश व्यक्त किया।प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा को लेकर सरकार पूरी तरह विफल साबित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब सत्ताधारी दल से जुड़े लोगों पर ही गंभीर आरोप लग रहे हैं, तो आम महिलाएं और बेटियां खुद को सुरक्षित कैसे महसूस करेंगी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए कहा कि प्रदेश में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाएं कानून व्यवस्था की स्थिति को उजागर कर रही हैं। उन्होंने सरकार से महिलाओं की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। प्रदर्शन में किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जेल सिंह, नरेंद्र सिंह पिंटू, गौरव राणा,दीपक बिष्ट, त्रिलोक चंद्र चंचल सिंह,जवाहर सिंह,फरमान गौतम राणा दीपक सैनी,बलवंत सिंह सूरत सिंह, मोहित राणा अनुज राणा, मौजूद रहे। **रामनगर।** शुक्रवार को रामनगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चंपावत में नाबालिग किशोरी के साथ हुए दुष्कर्म मामले को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी और प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने रानीखेत रोड पर सरकार का पुतला दहन किया। कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और नारी सम्मान की बात करने वाली भाजपा सरकार में आज बहू-बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चंपावत में नाबालिग किशोरी के साथ हुए दुष्कर्म मामले में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सहित दो अन्य लोग शामिल हैं, जिन्हें सरकार, पुलिस और प्रशासन बचाने का काम कर रहे हैं, जबकि पीड़ित पक्ष को ही दोषी ठहराने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि जनता ऐसी मानसिकता वाली पार्टी का खुलकर विरोध करे। कांग्रेस अब शांत नहीं बैठेगी और जरूरत पड़ने पर सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी।

# भाजपा अनुसूचित मोर्चा ने किया चुनावी मंथन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भाजपा सम्भाग कार्यालय में अनुसूचित जाति मोर्चा जिला नैनीताल की परिचय बैठक जिला अध्यक्ष मोर्चा रविंद्र बाली आर्य की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें पूरे जिले के अनुसूचित मोर्चे के पदाधिकारीगण, जिला कार्यसमितिगण और 25 मंडलों के अध्यक्ष उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष रविंद्र बाली आर्य ने कहा कि परिचय बैठक का मूल उद्देश्य जिले में जो नई टीम मोर्चे की गठित हुई है उन सभी कार्यकर्ताओं से मोर्चे के जिला अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से भेंट हो सके। आने वाले चुनाव को लेकर मंडलों में अनुसूचित बस्तियों मे बैठक और चौपाल कराई जा सके और अनुसूचित बस्तियों में विधानसभा सम्मेलन की रूपरेखा बना सके।जिला महामंत्री भाजपा रंजन बर्गली ने अनुसूचित समाज को मोर्चे के माध्यम से एक करने की बात कही और जो पूराने मोर्चे के कार्यकर्ता हे उनका साथ लेकर काम करने के लिए कहा। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दर्मवाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा प्रसाद, जिला प्रभारी दया किशन पोखरिया, प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कुंवर, प्रदेश मंत्री दीपा भारती, प्रदेश प्रवक्ता आशारानी, जिला महामंत्री मोर्चा भुवन आर्या, चंद्र प्रकाश आर्य , नीलम आर्य, नेहा आर्य, सोनी टम्टा, दीपा आर्य, शुभम उत्तम, दिनेश सागर, ऋषभ भारती, गणेश आर्य, प्रकाश राम, मनोज मौर्या, नंदकिशोर आर्य, बालीराम, किशोरी राम, प्रदीप कुमार, प्रमोद कुमार, बॉबी आर्य, आशीष कुमार, मुकेश कुमार, नारायण राम और मोर्चे के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।



# बाबा भगवंत भजन सिंह के नेतृत्व में महान गुरमत समागम का आयोजन

गदरपुर/काशीपुर । निर्मल तख्त बाबा बुड्ढा जी श्री रामदास श्री अमृतसर के प्रथम स्थान के प्रमुख बाबा भगवंत भजन सिंह के नेतृत्व में दढ़ियाल रोड, खोखरा ताल ,वधावा ग्रीन बारात घर के पास काशीपुर में महान गुरमत समागम का आयोजन किया गया,जिसमें वर्षा एवं मौसम खराबी के बावजूद सैकड़ो की संख्या में संगत ने सहभागिता करते हुए श्री गुरु ग्रंथ साहिब के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। बाबा भगवंत भजन सिंह द्वारा संगत को मूल मंत्र,गुरु मंत्र एवं गुरबाणी का जाप करवाया गया। उन्होंने कहा, बाबा बुड्ढा जी ने गुरु नानक देव जी की शरण में 12 वर्ष की उम्र में ब्रह्म ज्ञानी की अवस्था प्राप्त करके लगातार 113 वर्ष तक गुरु घर की निष्काम सेवा की । कार्यक्रम में रागी भाई गुरविंदर सिंह,भाई वीर सिंह नामधारी, बाबा गुरु उपदेश जी,बाबा सुखपाल जी,ज्ञानी हरप्रीत सिंह, ग्रंथि भाई शोभा सिंह, ज्ञानी सुच्चा सिंह एवं ब्रह्मवीर सिंह द्वारा गुरबाणी कथा कीर्तन के माध्यम से हरि यश एवं ऐतिहासिक तथ्यों का वर्णन किया गया। वहीं कार्यक्रम में पहुंचे काशीपुर के पूर्व विधायक स, हरभजन सिंह जी ने सभी संगत का धन्यवाद करते हुए सभी संगत को गुरबाणी गायन के साथ गुर इतिहास की जानकारी प्राप्त करने के लिए पुस्तकों एवं ग्रंथों का अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया । इस दौरान सरदार बलवंत सिंह एवं उनके परिवार द्वारा बाबा भगवंत भजन सिंह के अलावा पूर्व विधायक और सभी वक्ताओं को सिरोपा भेंट का सम्मानित किया गया ।



# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन

नानकमत्ता। विश्व रेडक्रॉस दिवस पर दिनांक महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस इकाई के तत्वावधान में एक विचार गोष्ठी का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. अंजला दुर्गापाल द्वारा किया गया। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को मानव सेवा और सामाजिक सहयोग के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि "रेडक्रॉस केवल एक संगठन नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और मानवता का जीवंत प्रतीक है। यूथ रेडक्रॉस के नोडल अधिकारी डॉ. रवि जोशी ने रेडक्रॉस आंदोलन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि "आज की युवा पीढ़ी को समाज सेवा के ऐसे मंचों से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। रेडक्रॉस के सहायक नोडल अधिकारी डॉ. शशि प्रकाश सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि "विश्व रेडक्रॉस दिवस हमें मानवता की रक्षा, पीड़ितों की सहायता तथा सामाजिक संवेदनशीलता के महत्व का स्मरण कराता है। वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. मृत्युंजय शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि "रेडक्रॉस की मूल भावना करुणा और निस्वार्थ सेवा है। इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व का बोध कराते हैं। इस अवसर पर डॉ. ममता सुयाल, डॉ. उमेश जोशी, डॉ. स्वाति लोहनी, डॉ. मंजुलता जोशी, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. निशा आर्या, डॉ. आशा गढ़िया, महेश कन्याल, राम जगदीश सिंह, सुनील कुमार सहित छात्र-छात्राओं में हरप्रीत कौर, नवजोत कौर, मुस्कान, जसपाल सिंह, हरमन कौर, उदय राज तिवारी, संदीपा सिंह, जगदीश सिंह एवं सिमरजीत कौर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शशि प्रकाश सिंह द्वारा किया गया।



# कल्याणपुर में खनन सीमांकन के बाहर अवैध खनन

## रिवर ट्रेनिंग के पट्टे के पिलरों से हटकर हो रही खुदाई

सितारगंज। कल्याणपुर में बहने वाली कैलाश नदी में संचालित रिवर ट्रेनिंग के पट्टे की सीमा से बाहर खुलेआम मशीनों से अंधाधुंध अवैध खनन किया जा रहा है। बड़े पैमाने पर अवैध खनन का खेल कर सरकार को रोजाना लाखों के राजस्व की हानि पहुंचाई जा रही है। मिलीभगत के जरिए अवैध खनन को संदिग्ध ठिकाने पर खपाया जा रहा हैं। बेतरतीब अवैध खनन से नदी के आसपास की आबादी में सुरक्षा पीचिंग धसने के साथ ही बाढ़ का खतरा बढ़ने लगा हैं। रीवर ट्रेनिंग के नाम पर नदी की सफाई के लिए खनन पट्टा जारी हुआ है। पट्टे की आड़ में चिन्हित सीमांकन के बाहर अवैध खनन धड़ल्ले से किया जा रहा है। मशीनों के जरिए खुलेआम सीमांकन में लगे चिन्हित पिलरों के बाहर अवैध खनन से गहरे गहरे गड्ढे कर दिए हैं। जो नदी में साफ नजर आ रहे हैं। लेकिन अवैध खनन करने वालों के खिलाफ अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है। कैलाश नदी में अवैध खनन के कारण हर वर्ष बाढ़ की भयानक स्थिति पैदा हो जाती है। जिससे आबादी के साथ ही खेती-बाड़ी और आमजन को काफी नुकसान पहुंचता है। प्रशासन में रिवर ट्रेनिंग के नाम पर नदी की सफाई के लिए पट्टे जारी किए हैं। लेकिन पट्टा धारक प्रशासनिक नियमों को अनदेखा कर कल्याणपुर में बहने वाली कैलाश नदी की चिन्हित सीमा के बाहर अवैध खनन कर राजस्व विभाग को रोजाना लाखों रुपए की चपत लगाने में जुटा हैं। दीपक मेहर, राजस्व उप निरीक्षक कल्याणपुर क्षेत्र ने बताया कि सीमांकन के बाहर अवैध खनन खनन के मामले में जांच की जाएगी। पुष्टि होने पर संबंधित के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई होगी।



# अखंड महानाम संकीर्तन में लिया आशीर्वाद

रुद्रपुर। दिनेशपुर के गोतीपुर नंबर-1 स्थित गोविंद मंदिर सेवाश्रम में आयोजित अखंड महानाम संकीर्तन एवं



विशाल भंडारे के अंतिम दिन पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल अपने साथियों के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पूजा-अर्चना कर संतों का आशीर्वाद लिया और पुण्य लाभ प्राप्त किया।कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ नाम संकीर्तन में भाग लिया। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजन समाज को एकजुट करने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि अखंड नाम संकीर्तन से वातावरण भक्तिमय बनता है और लोगों की धर्म एवं सनातन संस्कृति के प्रति आस्था और अधिक मजबूत होती है।ठुकराल ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में ऐसे कार्यक्रम लोगों को मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को भी धार्मिक आयोजनों से जोड़ना जरूरी है, ताकि वे अपनी संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों को समझ सकें। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में भाईचारे, प्रेम और सद्भाव का संदेश देते हैं। कार्यक्रम में संत-महात्माओं के सानिध्य में भजन- कीर्तन और प्रसाद वितरण भी किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# सिडकुल ढाल के पास शव मिलने से सनसनी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल क्षेत्र में पावर हाऊस के पास शव मिलने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। जिससे यहां विभिन्न कम्पनियों में काम करने वाले लोगों में भय का वातावरण बना हुआ है। ऐसी ही घटना आज फिर देखने को मिली आज प्रात: सिडकुल क्षेत्र में ढ़ाल के पास स्थित पावर हाऊस के समीप अज्ञात व्यक्ति का शव पाये जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मामले की जानकारी मिलने पर सिडकुल चौकी पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने व्यक्ति को बाहर निकालकर उसकी शिनाख्त कराने की कोशिश की परंतु उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भिजवाकर उसकी शिनाख्त



करने का प्रयास शुरू किया। बताया जाता है कि आज प्रात: सिडकुल क्षेत्र में काम पर जाते लोगों ने पावर हाऊस की दीवार के समीप एक व्यक्ति को बेसुध हालत में पड़ा देखा। यह खबर फैलते ही क्षेत्र में सनसनी मच गई और वहां लोगों की भीड़ लगने लगी। मामले की सूचना मिलने पर सिडकुल चौकी पुलिसकर्मी भी आ गये और उन्होंने व्यक्ति को बाहर निकाल कर उसकी शिनाख्त कराने की कोशिश की परंतु कोई भी उसे पहचान नहीं सका। जिसके बाद पुलिस ने उस व्यक्ति को जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस पहुंचाया और मामले की जानकारी आसपास के थाना क्षेत्र की पुलिस को दी। मृतक की उम्र लगभग 55 वर्ष बताई जा रही है।

# विश्व रेडक्रॉस एवं थैलेसीमिया दिवस पर जागरूकता संगोष्ठी आयोजित

गदरपुर। राजकीय प्राथमिक एवं जूनियर विद्यालय खटोला में शुक्रवार को विश्व रेडक्रॉस दिवस एवं विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास सचान ने बताया कि विश्व रेडक्रॉस दिवस का प्रथम आयोजन वर्ष 1948 में किया गया था। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस की स्थापना युद्धग्रस्त क्षेत्रों में बिना किसी भेदभाव के चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हुई थी, जो वर्तमान समय में प्राकृतिक आपदाओं जैसे भूकंप, बाढ़ एवं अन्य आपात परिस्थितियों में प्राथमिक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष



8 मई को रेडक्रॉस के संस्थापक हेनरी ड्यूनेट के जन्मदिवस के अवसर पर यह दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2026 की थीम "मानवता को जीवित रखना" रखी गई है। डॉ. विकास सचान ने विश्व थैलेसीमिया दिवस के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि थैलेसीमिया एक गंभीर अनुवांशिक बीमारी है, जो बच्चों को माता-पिता से प्राप्त होती है। इस बीमारी में शरीर में रक्त की कमी हो जाती है, जिसके कारण मरीज को बार-बार रक्त चढ़ाने की आवश्यकता पड़ती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 की थीम "अब और छिपा नहींख्रअनदेखे लोगों को ढूंढना, अनदेखे लोगों का समर्थन करना" है। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को थैलेसीमिया के प्रति जागरूक करना तथा रक्तदान के लिए प्रेरित करना है, ताकि पीड़ितों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय खटोला के प्रधानाध्यापक हरपाल सिंह, राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका लक्ष्मी, सहायक अध्यापक श्रवण कुमार गिरी, सहायक अध्यापिका जानकी देवी, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम से के.एन. जोशी, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम से काउंसलर राधा मिगलानी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गदरपुर इकाई से पीएलवी कुंवर सिंह, दीपा, मीना तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता जयंती, सविता एवं सविता वैद्य सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों को बताए गए मानव सेवा के सिद्धांत

गदरपुर। अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी गदरपुर द्वारा राजरानी इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को रेड क्रॉस के सिद्धांतों एवं मानव सेवा के महत्व से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी गदरपुर के चेयरमैन डॉ. सोनू विश्वास ने बच्चों को रेड क्रॉस के मूल सिद्धांतों की



विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी एक अंतरराष्ट्रीय मानव सेवा संस्था है, जो बिना किसी जाति, धर्म एवं मजहब का भेदभाव किए जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहती है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक आपदा, दुर्घटना अथवा किसी भी स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थिति में रेड क्रॉस सोसाइटी मानवता के हित में कार्य करती है। डॉ. सोनू विश्वास ने विद्यार्थियों से रेड क्रॉस के सिद्धांतों पर चलने तथा समाज सेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया। इस अवसर पर राजरानी इंटर कॉलेज के प्रबंधक किरोध बक्शी, प्रधानाचार्य पंकज कटपाल, डॉ. विनीत अरोड़ा, अरुण बठला, विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# नशीले इंजेक्शनों के साथ तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान कार्यवाही करते हुए एक नशा तस्कर को 20 नशीले इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक बनभूलपुरा कोतवाली दिनेश फर्त्याल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान



के दौरान पुलिस टीम ने इंद्रानगर फाटक क्षेत्र से संदिग्ध हालात में घूमते एक युवक को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता साहिल उर्फ जुनैद पुत्र रईस गद्दार निवासी मलिक का बगीचा, बनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 20 नशीले इंजेक्शन बरामद किए गए। पुलिस ने इंजेक्शन कब्जे में लेकर नशा तस्कर साहिल को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। साहिल पूर्व में भी जेल जा चुका है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक जगवीर सिंह,कांस्टेबल दिलशाद अहमद व सुनील कुमार शामिल थे।

## पेज एक का शेष...

**केदारनाथ में श्रद्वालुओं को..........** है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार स्वस्थ उत्तराखण्ड,समृद्ध उत्तराखण्ड के सपने को साकार करने के लिए प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार एवं सुधारीकरण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है । उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आयुष्मान योजना के अंतर्गत अब तक लगभग 61 लाख आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं, जिसके माध्यम से आज प्रदेश के अंदर लाखों मरीजों को नि:शुल्क उपचार मिल रहा है। इसके साथ ही राज्य के प्रत्येक जनपद में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की दिशा में भी कार्य कर रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बाबा केदार के दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना भी की। उन्होंने कहा कि केदारनाथ धाम केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि सेवा एवं मानवता का भी प्रतीक है और इसी भावना के साथ सरकार देवभूमि में स्वास्थ्य एवं जनसुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान श्री धामी ने श्रद्धालुओं और मरीजों से भी मिले और सरकार की व्यवस्थाओं के सम्बंध में जानकारी ली। कार्यक्रम में विधायक केदारनाथ श्रीमती आशा नौटियाल ने कहा कि यह अस्पताल सेवा, समर्पण एवं जनकल्याण का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस अवसर पर भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संजय खन्ना, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह-सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल, अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी, विश्व हिंदू परिषद के संरक्षक दिनेश चंद्र, बद्री केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी, उपाध्यक्ष विजय कप्रवान, केदार सभा के अध्यक्ष पं. राजकुमार तिवारी, ब्लॉक प्रमुख ऊखीमठ पंकज शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य अमित मेंखडी, महामंत्री अंकित सेमवाल, संजय तिवारी, जिला पंचायत सदस्य सुबोध बगवाड़ी, केशव बहुगुणा, जिलाधिकारी विशाल मिश्रा, पुलिस अधीक्षक निहारिक तोमर, उप जिलाधिकारी कृष्णा त्रिपाठी, कर्नल अजय कोठियाल सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

**किशोर फांसी पर......**घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने परिजनों से आवश्यक जानकारी लेकर शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक प्रिंस घर का इकलौता चिराग था। जानकारी के अनुसार शिवनगर ट्रांजिट कैम्प निवासी का 17 वर्षीय पुत्र प्रिंस पिछले कई वर्षो से पलिया पीलीभीत निवासी अपनी मौसी के पास रहता था और वह कक्षा 9 में पढ़ाई कर रहा था। बताया जाता है कि प्रिंस बुधवार को अपने माता पिता के पास शिवनगर आया था। उसकी माता गुरूवार को प्रात: सिडकुल की कम्पनी में ड्यूटी के लिए चली गई और पिता भी बगवाड़ा मंडी के पास काम के लिए चले गये। दोपहर जब पिता सुबोध विश्वकर्मा ने पुत्र प्रिंस को फोन किया तो फोन रिसीव नहीं हुआ। कई बार फोन करने के बाद भी फोन पर बात नहीं हुई। शाम को जब सुबोध काम करने के बाद घर वापस लौटे तो प्रिंस का कमरा अन्दर से बंद मिला। काफी आवाज देने के बाद भी जब कमरा नहीं खुला तो उसने पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा। भीतर जाकर देख तो प्रिंस कमरे में फांसी पर लटका हुआ था। शोर की आवाज सुनकर वहां कई लोग आ पहुंचे। मामले की सूचना मिलने पर ट्रांजिट कैम्प कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रिंस को फांसी से उतारकर जिला चिकित्सालय भिजवाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

**खैरना चौकी के सभी पुलि.........**खैरना क्षेत्र में वीडियो बना रहा था, तभी उसकी पुलिसकर्मियों से कहासुनी हो गई। पुलिस ने शराब के नशे में होने की पुष्टि के बाद उसका चालान कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया था। हालांकि, परिजनों का आरोप है कि बालम ने फोन पर अपनी बहन और जीजा को बताया था कि पुलिसकर्मियों ने उसके साथ गाली-गलौज की, उसका सिम कार्ड तोड़ दिया और पांच हजार रुपये भी छीन लिए। इसी मानसिक तनाव और अपमान के चलते बालम ने आत्मघाती कदम उठा लिया। मृतक के पास से बरामद सुसाइड नोट में भी पुलिसकर्मियों द्वारा किए गए दुर्व्यवहार का जिक्र है। मृतक की बहन मुन्नी जलाल ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और न्याय की मांग करते हुए तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि मामला अत्यंत गंभीर है और इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषी पाए जाने वाले कर्मियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**दिनदहाड़े युवक पर.........**साथी मंजीत सिंह के साथ मिलकर अवैध तमंचों से दो फायर किए। गोली चलने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई, हालांकि सुबेग सिंह बाल-बाल बच गया। बताया गया कि जान बचाने के लिए सुबेग सिंह गांव निवासी बलजीत सिंह के घर में जाकर छिप गया, लेकिन आरोपी वहां भी पहुंच गए। शोर-शराबा सुनकर मौके पर पहुंची गुरमीत कौर ने बीच-बचाव का प्रयास किया तो आरोप है कि आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल संजय पाठक ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है तथा आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**आक्सीजन सिलेंडर के साथ............**संजय जुनेजा, परिमल राय, इन्द्रजीत सिंह, बाबू खान, मोहन खेड़ा, सौरभ बेहड़, परवेज कुरैशी, मोनिका ढ़ाली, राजेन्द्र मिश्रा, सौरभ शर्मा, विक्की विर्क, सेवाराम दिवाकर, विजय पुजारा, कमल सैनी, जगदीश कर्मकार, अनंत विश्नोई, हरीश कुमार, समप्रीत ग्रोवर, सुरेन्द्र सिंह, प्रिंस भगत, व गणेश यादव आदि मौजूद थे।

**नामांकन निरस्त करने के ...........**चुनाव के दौरान उन्हें ग्राम प्रधान पद की दौड़ से बाहर करने के लिए विरोधियों के साथ मिलीभगत कर राजस्व विभाग द्वारा फर्जी अतिक्रमण दर्शाया गया। उनका कहना है कि बिना मौके की सही जांच और बिना कोई नोटिस दिए कागजी कार्रवाई कर उनका नामांकन निरस्त कर दिया गया।ग्राम सरोजा निवासी विजेन्द्र सिंह मोमी ने बताया कि 13 फरवरी 2026 को राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा संबंधित भूमि की पैमाइश कराई गई थी। पैमाइश के दौरान यह स्पष्ट हो गया था कि विवादित भूमि पर उनका कोई अतिक्रमण नहीं है। इसके बावजूद अधिकारियों ने रिपोर्ट देने में देरी की और बाद में दूसरे खसरा नंबर में भी अतिक्रमण दिखाकर उन्हें परेशान किया गया। पीड़ित पक्ष का कहना है कि जिस भूमि को लेकर विवाद खड़ा किया गया है, उस पर लंबे समय से अन्य लोग खेती कर रहे हैं। इसके समर्थन में शपथपत्र भी उपलब्ध हैं, लेकिन इसके बावजूद उनका पक्ष सुने बिना कार्रवाई की गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि राजनीतिक दबाव में केवल दो लोगों के बयान दर्ज कर फर्जी तरीके से अतिक्रमण दर्शाया गया। धरने पर बैठे लोगों ने यह भी सवाल उठाया कि जब सर्वे केवल खसरा संख्या 672/1 का किया गया था, तो फिर खसरा संख्या 673/4 को किस आधार पर विवाद में शामिल किया गया। ग्रामीणों ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।लोगों ने चेतावनी दी कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा, तब तक उनका अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। धरने में नवतेज पाल सिंह, हरिओम राणा, नीरज राणा, बलजिंदर सिंह, जरनैल सिंह, लखविंदर सिंह, कृपाल सिंह, हरनाम सिंह, संतोष सिंह और श्याम राणा सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

**चम्पावत मामला-निष्पक्ष खुलासे..........**घटनास्थल पर मौजूद ही नहीं थे। तकनीकी साक्ष्यों और गवाहों के बयानों से इसकी पुष्टि हुई। विवेचना में कमल रावत नामक युवक की भूमिका भी संदिग्ध पाई गई। पुलिस के अनुसार बदले की भावना से प्रेरित होकर पूरे घटनाक्रम को एक सुनियोजित षड्यंत्र के तहत अंजाम दिया गया। फिलहाल डिजिटल और फॉरेंसिक साक्ष्यों की विस्तृत जांच अभी भी जारी है। इधर, पूरे मामले को लेकर विपक्ष द्वारा किए गए धरना-प्रदर्शन और पुतला दहन पर भी अब सवाल उठने लगे हैं। आमजन में चर्चा है कि संवेदनशील मामलों में जांच पूरी होने से पहले राजनीतिक माहौल बनाना समाज में भ्रम और अविश्वास पैदा करता है। लोगों का कहना है कि यदि हर निष्पक्ष कार्रवाई के बाद भी अधिकारियों को राजनीतिक कटघरे में खड़ा किया जाएगा, तो इससे ईमानदारी से काम करने वाले अधिकारियों का मनोबल प्रभावित होना स्वाभाविक है। वहीं दूसरी ओर, चंपावत पुलिस की कार्यप्रणाली और श्रीमती रेखा यादव की निष्पक्ष एवं सशक्त नेतृत्व क्षमता की अब खुलकर सराहना हो रही है। जिले में यह संदेश गया है कि कानून से ऊपर कोई नहीं है और पुलिस हर मामले में तथ्यों व साक्ष्यों के आधार पर ही कार्रवाई कर रही है।




संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# सिरौली कला से 16.560 किलो डोडा व हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार

## आईजी रिद्धिम अग्रवाल के निर्देशन में नशा कारोबारियों पर लगातार प्रहार जारी

रुद्रपुर। कुमायूँ परिक्षेत्र में पुलिस महानिरीक्षक रिद्धिम अग्रवाल के नेतृत्व में नशा कारोबारियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। आए दिन





पुलिस को इस अभियान में बड़ी सफलताएं मिल रही हैं। इसी क्रम में एसओटीएफ कुमायूँ और थाना पुलभट्टा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को भारी मात्रा में डोडा, अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार 7 मई को वाहन चेकिंग के दौरान थाना पुलभट्टा क्षेत्र के सिरौली कला में एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी आकिब पुत्र मुख्तायर अहमद निवासी वार्ड नंबर-06 सिरौली कला, किच्छा के कब्जे से 16.560 किलोग्राम डोडा, 315 बोर का एक देशी तमंचा, 10 जिंदा कारतूस और एक बुलेट मोटरसाइकिल बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना पुलभट्टा में एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। आईजी कुमायूँ ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आरोपी से गहन पूछताछ कर पूरे नेटवर्क का पता लगाया जाए तथा यह जानकारी जुटाई जाए कि डोडा और अवैध हथियारों की सप्लाई कहां से हो रही थी और किन क्षेत्रों में इसकी तस्करी की जा रही थी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पिछले आठ माह में एसओटीएफ द्वारा नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में 794 नशीले इंजेक्शन और 44,170 नशीली गोलियां एवं कैप्सूल बरामद किए जा चुके हैं। लगातार हो रही कार्रवाई से नशा कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। इस संयुक्त कार्रवाई में एसओटीएफ कुमायूँ टीम और थाना पुलभट्टा पुलिस टीम के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे।

# बीएल संतोष से मिले भारत भूषण चुघ

रुद्रपुर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन से भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने दिल्ली स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच संगठनात्मक और समसामयिक राजनीतिक मुद्दों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।मुलाकात के दौरान राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का देशभर में तेजी से विस्तार हुआ है और आज लगभग 22 राज्यों में भाजपा या भाजपा समर्थित सरकारें कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा को मिली ऐतिहासिक सफलता ने पार्टी को नई मजबूती दी है और देश की जनता प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर लगातार विश्वास जता रही है।भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने कहा कि उत्तराखंड में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य का तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में लगातार कार्य हो रहे हैं, जिसका लाभ आम जनता को मिल रहा है।चुघ ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी सहित विभिन्न राज्यों में भाजपा को मिला जनसमर्थन इस बात का संकेत है कि आने वाला समय भाजपा का है। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्ष 2027 में उत्तराखंड में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी। मुलाकात के अंत में बीएल संतोष ने भारत भूषण चुघ को आशीर्वाद देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ लगातार जुड़े रहने का संदेश दिया।



# खेड़ा में घर पर बनाई गई अवैध मजार सील

रुद्रपुर। शहर में सरकारी जमीनों पर हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ चल रहे अभियान के बीच गुरुवार को खेड़ा बस्ती में उस समय हड़कंप मच गया, जब महापौर विकास शर्मा प्रशासनिक अमले के साथ निरीक्षण करने पहुंचे और मौके पर एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ। सरकारी भूमि पर कब्जा कर बनाए गए मकान के भीतर ही अवैध रूप से मजार बनाए जाने का मामला सामने आने पर प्रशासन भी हैरान रह गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए महापौर ने तत्काल निर्माण को सीज करने और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के निर्देश दे दिए।महापौर विकास शर्मा गुरुवार को एडीएम पंकज उपाध्याय, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडे और नगर निगम व प्रशासन के अन्य अधिकारियों के साथ खेड़ा बस्ती क्षेत्र का निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान नदी किनारे सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत के आधार पर टीम चांद मस्जिद के पास पहुंची, जहां एक मकान को देखकर अधिकारी भी दंग रह गए।



जांच में सामने आया कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर मकान खड़ा किया गया था और घर के अंदर ही मजार भी बना दी गई थी।मौके पर पूछताछ के दौरान पता चला कि संबंधित व्यक्ति ने अपने पिता के इंतकाल के बाद शव को घर के भीतर ही दफनाकर वहां मजार का स्वरूप दे दिया। इतना ही नहीं, आरोप यह भी सामने आया कि अतिक्रमणकारी ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर आसपास कई लोगों को प्लॉट भी बेचे हैं। मामले का खुलासा होते ही प्रशासनिक टीम ने मौके पर जांच शुरू कर दी और अवैध निर्माण को तत्काल प्रभाव से सीज करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में अवैध अतिक्रमण और तथाकथित "लैंड जिहाद" के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश में अब तक सैकड़ों अवैध मजारों पर कार्रवाई हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद कुछ लोग सरकारी जमीनों पर कब्जा करने से बाज नहीं आ रहे हैं। वहीं एडीएम पंकज उपाध्याय ने भी मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कराई जाएगी और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सीज की गई अवैध मजार को ध्वस्त करने की प्रक्रिया भी जल्द पूरी की जाएगी।

# युवती की आत्महत्या के मामले में आरोपी युवक सहित 6 लोगों के खिलाफ केस दर्ज

रामनगर। ग्राम मालधन चौड क्षेत्र में कुछ दिन पूर्व एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी इस मामले में युवती के पिता द्वारा एक युवक पर अपनी पुत्री के साथ शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने के साथ ही शादी करने से इनकार करने पर उसकी पुत्री द्वारा आत्महत्या करने के मामले में आरोपी युवक व परिवार के अन्य लोगों के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तेरी सौपी थी इस मामले में पुलिस में छह लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की है इस संबंध में जानकारी देतेहुए सीओ सुमित पांडे ने बताया कि मालधन चौड़ क्षेत्र मे एक युवती उम्र 20 वर्ष द्वारा 26 अप्रैल की रात्रि को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी जिस कारण उस लड़की के परिजनो द्वारा पुलिस को तहरीर देकर शंकर सिहं उर्फ बंटी द्वारा अपनी पुत्री को अपने प्रेम जाल में फंसाकर पुत्री के साथ शादी का झांसा देकर शारीरिक सम्बन्ध बनानेपर अभियुक्त के माता पिता व भाई भाभी तथा बहन द्वारा उसके साथ मारपीट,गाली गलोज करने तथा शादी से मना कर दिया था जिस कारण उसकी पुत्री द्वारा आत्महत्या कर ली गई थी ।

# बिना पंजीकरण संचालित एक क्लीनिक सील

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के. के. अग्रवाल के निर्देशों के क्रम में स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई करते हुए ग्राम छीनकी में संचालित बिना पंजीकरण के क्लीनिक को सील कर दिया। यह कार्रवाई डॉ. संजीव सरना के नेतृत्व में गठित स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा की गई। मौके पर निरीक्षण के दौरान क्लीनिक क्लिनिकल एस्टैब्लिशमेंट एक्ट के तहत पंजीकृत नहीं पाया गया और बिना किसी वैध दस्तावेज के मरीजों का उपचार किया जा रहा था। कार्रवाई के समय केंद्र संचालक सचिन मजूमदार और दो महिला मरीज मौके पर उपस्थित मिले। कार्रवाई के दौरान क्लीनिक से मिली दवाओं, उपकरणों और रिकॉर्ड को जब्त कर क्लीनिक को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। केंद्र संचालक सचिन मजूमदार के खिलाफ संबंधित अधिनियमों के तहत विधिक कार्रवाई की जा रही है।डॉ. के. के. अग्रवाल ने कहा कि जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। बिना पंजीकरण के चल रहे क्लीनिक आम जनता के स्वास्थ्य के लिए खतरा हैं। उन्होंने आम जनता से अपील की कि केवल पंजीकृत चिकित्सकों और वैध स्वास्थ्य संस्थानों से ही उपचार लें।डॉ. संजीव सरना ने बताया कि अवैध क्लीनिकों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और इसमें पुलिस प्रशासन का पूर्ण सहयोग लिया जा रहा है।



# चूड़ी गली में अतिक्रमण पर चलाया हथोड़ा

रामनगर। गुरुवार को नगर पालिका प्रशासन में एक बार फिर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अपना अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है तो वही अतिक्रमण हटाने के दौरान नगर पालिका प्रशासन और अतिक्रमण कारियों के बीच तीखी झड़प भी हुई लेकिन पालिका ने अपनी कार्रवाई को जारी रखते हुए अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त करते हुए भविष्य में अतिक्रमण न करने कीचेतावनी दी अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल ने बताया कि कोसी रोड स्थित चूड़ी गली में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है उन्होंने बताया कि पूर्व में भी इस क्षेत्र में यह कार्रवाई की गई थी लेकिन इसके बाद भी दुकानदारों द्वारा नाली पर चबूतरे व स्लैप डालकर अवैध अतिक्रमण किया गया था जिससे पालिका की सफाई कर्मचारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था उन्होंने बताया कि आज अभियान के तहत करीब 15 दुकानदारों का अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है अन्य लोगों को दो दिन के अंदर अपना अतिक्रमण स्वयं हटाने की हिदायत दी गई है यदि इसके बावजूद भी है अतिक्रमण नहीं जाता तो उन्होंने कहा कि पालिका की टीम द्वारा यहां पर फिर से अतिक्रमण हटाने के साथ ही संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।



